

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

गोविंदा को उनका अंधविश्वास ले डूबा

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 115 | गुरुवार, 18 जुलाई 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

ANDROID APP ON Google play | /ulhasvikas | संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) | Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# शिवसेना शहर प्रमुख के लिए साक्षात्कार

## शिवसेना के लिए साबित हो रहा टेढ़ी खीर

- क्या शहर प्रमुख रह चुके आधे शहर का प्रमुख पद स्वीकार करेंगे?
- अंबरनाथ में आज होगा शक्ति प्रदर्शन

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में आज 18 जुलाई और उल्हासनगर में कल 19 जुलाई को शिवसेना शिंदे की नई कार्यकारिणी के लिए साक्षात्कार होंगे. स्वतः सांसद श्रीकांत शिंदे उपस्थित रहकर साक्षात्कार लेंगे. अंबरनाथ पूर्व और पश्चिम के लिए शहर प्रमुख की घोषणा की जा सकती है. क्या कार्यकर्ता दो शहर प्रमुख के लिए तैयार हो सकते हैं? गत कई वर्षों से शिवसेना के शहर प्रमुख अरविंद वालेकर हैं. इससे पूर्व सेना के वरिष्ठ ही शहर प्रमुख की घोषणा करते थे. फिर अबकी बार ऐसा क्या हो गया कि शहर प्रमुख पद के लिए साक्षात्कार लिए जा रहे हैं. ऐसा सेना के कुछ पदाधिकारियों का कहना है. साक्षात्कार लेकर शहर प्रमुख की घोषणा करना एवं शहर को दो भागों में बांटकर पूर्व, पश्चिम के लिए अलग-अलग शहर प्रमुख बनाना ये शिवसेना के अंबरनाथ के कुछ पूर्व पदाधिकारियों को मंजूर नहीं है. ये बात उनके गले से उतर नहीं रही है. इतने वर्षों तक अंबरनाथ शहर के प्रमुख पद पर रह चुका शहर प्रमुख क्या आधे शहर का प्रमुख पद स्वीकार करेगा? इस पर बड़ा विवाद होने की संभावना है. सांसद शिंदे और कल्याण जिला प्रमुख लांडगे के लिए आज का साक्षात्कार एक टेढ़ी खीर साबित हो सकता है. शहर के कुछ दिग्गज शिवसैनिकों ने साक्षात्कार की तैयारी कर ली है. पनवेलकर प्लाजा जहां साक्षात्कार होने वाला है, हर इच्छुक उम्मीदवार शक्ति प्रदर्शन कर सकता है. देखते हैं साक्षात्कार के बाद क्या नतीजा सामने आता है.

## क्राइम डायरी...

### उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री बनाने ईश्वर से प्रार्थना

**उल्हासनगर.** आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर, उल्हासनगर में पिछले 18 वर्षों से पालखी दिंडी की परंपरा को कायम रखने वाली शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी की ओर से, उद्धव ठाकरे ही पुनः मुख्यमंत्री बने इसके लिए बिड़ला मंदिर में विठ्ठल भगवान के चरणों में प्रार्थना की गई. विदित हो कि पिछले 18 वर्षों से मराठा सेक्शन मध्यवर्ती शिवसेना शाखा और संतोषनगर शिव सेना शाखा द्वारा पालखी दिंडी का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष, दिंडी पालखी का समापन बिड़ला मंदिर में किया गया, जिसमें पूर्व नगरसेवकों, पदाधिकारियों समेत विठ्ठल नाम के जयघोष के साथ सैकड़ों भक्तों की भागीदारी थी। इस अवसर पर विठ्ठल की पूजा करते हुए जिला प्रमुख धनंजय बोडारे ने विठ्ठल से उद्धव ठाकरे को दोबारा मुख्यमंत्री बनाने की प्रार्थना की.

**स्वास्थ्य** | ठाणे जिले में अब डेंगू-मलेरिया के प्रकोप के बाद

# स्वाइन फ्लू की दस्तक

- ठाणे में स्वाइन फ्लू के 131 मामले






**ठाणे.** इस मानसून सीजन के दौरान ठाणे जिले में महामारी ने जोर पकड़ लिया है. जिले में डेंगू और मलेरिया के साथ-साथ स्वाइन फ्लू के मामले भी देखने को मिल रहे हैं. पिछले दो सप्ताह में जिले में डेंगू के 102 और मलेरिया के 19 मामले सामने आए हैं। ठाणे शहर में स्वाइन फ्लू के 131 मामले पाए गए हैं और इस शहर को छोड़कर जिले में स्वाइन फ्लू का कोई मामला नहीं पाया गया है।

इस मानसून के दौरान ठाणे जिले में डेंगू, मलेरिया और स्वाइन फ्लू के मरीजों में वृद्धि हुई है। जिले में 20 जून से 7 जुलाई तक डेंगू के 43 मामले और 8 जुलाई से 14 जुलाई तक डेंगू के 59 मामले सामने आये हैं. इनमें सबसे ज्यादा डेंगू के मरीज कल्याण शहर में पाए गए हैं.

इसके अलावा, पिछले कुछ दिनों से ठाणे शहर में स्वाइन फ्लू के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। जून महीने में ठाणे शहर में स्वाइन फ्लू के 8 मामले पाए गए थे. ऐसे में 9 जुलाई तक स्वाइन फ्लू के मरीजों की संख्या 70 तक पहुंच गई. इस सप्ताह मरीजों की संख्या में और इजाफा हुआ है और फिलहाल मरीजों की संख्या 131 है. स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि इन सभी मरीजों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है. दिन-ब-दिन बढ़ रही मरीजों की संख्या के चलते स्वास्थ्य व्यवस्था सतर्क हो गई है.

> बरसात के मौसम में निचले इलाकों में पानी जमा हो जाता है और वहां मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। इससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियाँ होती हैं। बरसात के मौसम में बाहर के खाने के सेवन से बचना चाहिए। स्वस्थ आहार लेना चाहिए। नागरिकों को पानी उबालकर पीने का ध्यान रखना चाहिए।
> -**डॉ. कैलास पवार**, सर्जन (जिला अस्पताल, ठाणे)

### स्वाइन फ्लू के मरीजों के लिए विशेष वार्ड

ठाणे मनपा के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में स्वाइन फ्लू के मरीजों के इलाज के लिए एक विशेष वार्ड तैयार किया गया है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि यहां कुल 19 बेड तैयार हैं और 4 बेड गहन चिकित्सा इकाई में हैं. इस अस्पताल में स्वाइप जांच की सुविधा भी उपलब्ध करायी गयी है. डेंगू, मलेरिया और स्वाइन फ्लू के साथ-साथ डायरिया के मरीजों की संख्या भी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और वर्तमान में यह संख्या 160 तक पहुंच गई है।

# रोबोटिक मशीनें करेंगी मेनहोल की सफाई

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा की मांग के अनुसार सीएसआर फंड से सालिनेस इंटेग्रिटी नामक कंपनी की 55 लाख रुपये की रोबोटिक मैनहोल सफाई मशीन का उद्घाटन विधायक और मनपा आयुक्त ने किया। मनपा के पास तीन रोबोटिक मैनहोल सफाई मशीनें हैं और इसमें एक और नई मशीन आ गई है और शहर के भूमिगत सीवरों और चैंबरों की सफाई का काम इस मशीन से किया जाएगा। इस अवसर पर आयुक्त अजीज शेख, उपायुक्त डॉ. सुभाष जाधव, जल आपूर्ति विभाग के परमेश्वर बडगे, वार्ड अधिकारी मनीष हिवरे और जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले उपस्थित थे.



# अब गोल मैदान में नहीं हो पाएंगे कार्यक्रम!


## हिराली फाउंडेशन द्वारा हाईकोर्ट में दायर याचिका पर कोर्ट सख्त



- हाईकोर्ट ने लगाई मनपा प्रशासन को फटकार
- क्या मैदान निजी हाथों से मुक्त होगा?

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर के प्रसिद्ध गोल मैदान जो करीब 1200 वर्ग मीटर में फैला हुआ है उसके अवैध रूप से धार्मिक, राजनीतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के इस्तेमाल को लेकर सामाजिक संस्था हिराली फाउंडेशन ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी जिसमें उन्हें सफलता मिली है और माननीय न्यायालय ने महानगरपालिका को फटकार लगाते हुए दो सप्ताह तक मनपा आयुक्त से इस मामले में जवाब मांगा है।

ज्ञात हो कि शहर में मैदानों की कमी के कारण बच्चे इन दिनों मोबाईल की गिरफ्त में है ऐसे में शहर के प्रसिद्ध गोल मैदान को पिछले कई वर्षों से समय समय पर धार्मिक, राजनीतिक और सामाजिक कार्यों के लिए महानगरपालिका द्वारा कई दिनों के लिए किराए पर दिया जाता है जिससे यह मैदान आम जनता के साथ बच्चों को इस्तेमाल करने को नहीं मिल रहा है। इसके विरुद्ध में हिराली फाउंडेशन की ओर से एडवोकेट विनोद सांगवीकर ने उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने मनपा प्रशासन को फटकार लगाई है और दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।




गोल मैदान के 9 टुकड़े किए गए

याचिका में यह भी आरोप लगाया है कि गोल मैदान बच्चों के इस्तेमाल के बजाय सामाजिक व राजनीतिक इस्तेमाल को दिया जाना सही नहीं है और वहां बने सीमेंट क्रांकीट के स्टेज को भी हटाया जाना चाहिए। इस बड़े गोल मैदान को 9 भागों में बांटा गया है जिसमें कुछ निजी लोगों और कुछ संस्थाओं को भी दिया गया है। मैदान का बाकी हिस्सा दशहरा व दिवाली मेला, नवरात्रि महोत्सव, पटाखा बाजार और अमृतवेला ट्रस्ट को किराए पर दिया जाता है। ऐसा आरोप याचिका में लगाया गया है। इस मैदान को मूल स्वरूप देने की मांग याचिका में की गई है। वहीं याचिका में शहर के जलकुंभ के गलत इस्तेमाल पर भी कहा गया है कि नागरिकों को पीने के पानी की समस्या को हल करने के लिए शहर में जलकुंभ बनाए गए हैं लेकिन मनपा द्वारा उनके नीचे भी व्यावसायिक गतिविधियों के लिए इस्तेमाल करने की अनुमति दी जा रही है। इस विषय पर भी न्यायालय ने मनपा प्रशासन से जवाब मांगा है। ऐसे में क्या आगामी समय में गोल मैदान में अब कार्यक्रम हो पाएंगे? क्या गोल मैदान पुराने स्वरुप में आएगा? क्या गोल मैदान को निजी हाथों से मुक्त किया जाएगा? ऐसे कई सवाल शहरवासी कर रहे हैं।




# टिटवाला से शिरडी पैदल जा रहे 4 साईं भक्तों को कार ने उड़ाया

- घोटी-सिन्नर के बीच हादसे में 3 लोगों की मौत

**टिटवाला.** टिटवाला से साईं पालकी लेकर पैदल जा रहे तीन साईं भक्तों की तेज रफ्तार कार की टक्कर से मौत हो गई है. यह घटना नासिक जिले के घोटी और सिन्नर के बीच हुई. तीनों के नाम भावेश राम पाटिल, रवींद्र उर्फ कवि सुरेश पाटिल, साई राज भोईर हैं। तीनों टिटवाला मांडा कोलीवाड़ा के रहने वाले हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक, रवींद्र और भावेश चचेरे भाई हैं. रवींद्र शादीशुदा है और उसकी पत्नी और दो छोटी बेटियां हैं। रवीन्द्र रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। रवींद्र और भावेश के परिजनों का आरोप है कि घटना को 16 घंटे से अधिक समय बीत चुका है लेकिन अभी तक पुलिस ने संबंधित कार चालक का पता नहीं लगाया है और न ही उसके खिलाफ कोई कार्रवाई की है.




साईं आश्रयम सेवा मंडल द्वारा पालकी को पैदल शिरडी तक ले जाया जाता है। इस पालकी में इस क्षेत्र के लगभग 150 लोग शामिल होते हैं। इस वर्ष भी 13 तारीख शनिवार को यह पालकी टिटवाला से पैदल ही शिरडी की ओर रवाना हुई। इस दौरान रवींद्र पाटिल, भावेश पाटिल, साईराज भोईर और सलमान खान भी इस पालकी के साथ मांडा में ठहरे हुए थे.

रात 8 बजे के करब जब पालकी घोटी और सिन्नर के बीच पहुंची उसी समय पीछे से तेज गति से आ रही कार ने चार लोगों रवींद्र पाटिल, भावेश पाटिल, साईराज भोईर और सलमान खान को टक्कर मार दी. इस टक्कर में रवींद्र, भावेश, साईराज भोईर गंभीर रूप से घायल हो गए, सलमान को भी मामूली चोटें आईं। इन चारों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान रवींद्र पाटिल, भावेश पाटिल और साईराज भोईर की मौत हो गई. सलमान का अस्पताल में इलाज चल रहा है. इस संबंध में नासिक ग्रामीण पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है. इस घटना से टिटवाला मंडा गांव में मातम छा गया है.

## डोंबिवली में दिल दहलाने वाली दर्दनाक घटना

# मजाक-मजाक में चली गई महिला की जान

- तीसरी मंजिल से गिरकर महिला की मौत
- मानपाड़ा पुलिस ने सहकर्मी को गिरफ्तार किया
- सीसीटीवी में रिकार्ड हुआ हादसा





**कल्याण.** कल्याण-शील रोड पर एक महिला अपने सहकर्मियों के साथ हंसी मजाक करते समय बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से गिर गई और उसकी मौत हो गई।

यह घटना डोंबिवली पूर्व कल्याण शील रोड पर विकास नाका इलाके में ग्लोब इस्टेट बिल्डिंग में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। उसके वीडियो में साफ दिख रहा है कि बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर महिला दोस्त संग हंसी-मजाक कर रही है, तभी वह अचानक तीसरी मंजिल से नीचे गिर जाती है। उसे बचाने के चक्कर में उसका एक दोस्त भी इस घटना में बाल-बाल बचा। उसे गिरता देख लोगों ने तुरंत उसे खींच लिया, जिससे उसकी जान बच गई। यह दर्दनाक घटना मंगलवार की शाम में हुई। पुलिस की शुरुआती जांच में ये बात सामने आई है कि नगीना देवी मंजीराम उसी बिल्डिंग में बतौर लेडी गार्ड के रूप में काम करती थी। वह परिचितों के बीच गुड़िया के नाम से मशहूर थी। उसके परिवार में एक बेटी और एक बेटी है। फिलहाल पुलिस अधिकारी घटना के बारे में विस्तृत जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं कि गुड़िया अचानक तीसरी मंजिल से कैसे गिरी।

पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है कि कहीं किसी ने हंसी मजाक के चक्कर में जानबूझकर तो महिला को नीचे नहीं धकेल दिया। कहीं किसी के साथ कोई रंजिश तो नहीं थी, जिसका खामियाजा गुड़िया को जान देकर चुकाना पड़ा या यह सिर्फ एक हंसी-मजाक का मामला है, जिसमें युवती की जान चली गई।

पुलिस ने इस मामले में एक्सिडेंटल डेथ रिपोर्ट (ADR) दर्ज कर ली है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है और सहकर्मी बंटी को गिरफ्तार कर लिया है.

# हजरत इमाम हुसैन की याद में शरबत वितरित

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में दस मोहर्रम 'यौम-ए-आशुरा' पर शहर के अनेक स्थानों पर शरबत का वितरण किया गया. दर्गा के पास कोहोजगांव, उलन चाल, खुंटवली, भेंडीपाड़ा, बुवा पाड़ा, कैलाश नगर, स्टेशन रोड, चिंचपाड़ा व अन्य परिसर में अनेक कमेटियों द्वारा पंडाल में सैकड़ों लोगों में मीठा शरबत, खीचड़ा आदि वितरित किया गया. अनेक परिसर में मोहर्रम की एक तारीख से दस मोहर्रम तक छबीलें बांधकर उसमें पीने का पानी रखा गया.

आपको बता दें कि इराक के शहर करबला में हजरत मोहम्मद सल्लम के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों को यजीद की हजारों की फौज ने घेरकर 7 मोहर्रम को सामने बहते हुए दरिया नील का पानी बंद कर दिया. 10 मोहर्रम को हजरत इमाम हुसैन को शहीद कर दिया गया. उनकी याद में मुसलमान आशुरा के दिन शरबत, पानी, खीचड़ा वितरित करते हैं. अंबरनाथ में कई स्थानों पर कुछ मोहर्रम कमेटियों ने दस दिनों तक इमाम हुसैन की याद में ताजिये बिठा कर 10 मोहर्रम आशुरा को उसका जुलूस निकालकर उसे ठंडा किया. शहर के खुंटवली, स्वामी नगर में भी ताजिये बिठाए गए थे. आशुरा के दिन ताजिए का जुलूस भी निकाला गया. अंबरनाथ पुलिस का तगड़ा बंदोबस्त रहा. दस दिनों तक शहर की मस्जिदों में वाज़ का आयोजन भी हुआ.

# 'मुख्यमंत्री लाडली बहन' ऐप से कई समस्याएं

- फॉर्म भरने में आ रही दिक्कतें
- सामाजिक संगठनों ने की आफलाइन प्रक्रिया की मांग



**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र सरकार की 'मुख्यमंत्री लाडली बहन' योजना वाकई बहुत अच्छी है। हालाँकि, इस उद्देश्य के लिए लॉन्च किया गया 'नारी शक्ति एप्लिकेशन' ठीक से काम नहीं कर रहा है. महिलाओं की बड़ी मांग है कि अगर इसे वास्तव में लागू किया जाना है, तो ऑनलाइन फॉर्म न भरकर ऑफ़लाइन फॉर्म लें।

महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में महिलाओं के लिए 'मुख्यमंत्री लाडली बहन' योजना की घोषणा की है। सरकार की कोशिश है कि विधानसभा चुनाव से पहले ज्यादा से ज्यादा महिलाओं तक इसका लाभ पहुंचे. सरकार की ओर से इसका व्यापक प्रचार भी किया जा रहा है. लेकिन ऐसा लगता है कि आने वाले समय में सरकार के लिए इस योजना को लागू करना मुश्किल होगा. क्योंकि इस योजना में अहम भूमिका निभाने वाले तहसीलदार खुद को मिली जिम्मेदारी से खुश नजर नहीं आ रहे हैं.

विदित हो कि आवेदन पत्र पोर्टल/मोबाइल ऐप/सेतु सुविधा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन भरे जा सकते हैं। हालाँकि, जो महिलाएं अभी तक ऑनलाइन आवेदन भरने में सक्षम नहीं हैं, उनके लिए आवेदन भरने की सुविधा आंगनवाड़ी केंद्र / बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालयों (सिविल / ग्रामीण / आदिवासी) / ग्राम पंचायत / वार्ड / सेतु सुविधा पर उपलब्ध है.

### डेढ़ साल से बंद है सेतु कार्यालय

सेतु कार्यालय भी पिछले डेढ़ साल से बंद है, इसलिए महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है। 50 से 65 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं को ये पूरे दस्तावेज नहीं मिल पाते हैं. अगर इस योजना को वास्तव में लागू किया जाना है, तो महिलाओं की भारी मांग है कि वे ऑनलाइन फॉर्म भरने के बजाय ऑफ़लाइन फॉर्म लें। इस पर सरकार को विचार करना चाहिए. इस संबंध में समर्पण फाउंडेशन द्वारा महिला बाल विकास भानु पाल केंद्र व्यवस्थापक कविता थोराट को निवेदन दिया गया है।

# विधानसभा चुनाव के लिए डॉ. संजय गुप्ता ने पेश की मजबूत दावेदारी

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर में पिछले कई वर्षों से समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय, ओएनबीवी फाउंडेशन के अध्यक्ष व जाने-माने उद्योगपति डॉ संजय गुप्ता ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपनी दमदार दावेदारी पेश की है। वर्तमान समय में डॉ गुप्ता भाजपा से जुड़े हुए हैं और वे भाजपा के उल्हासनगर जिला उत्तर भारतीय मोर्चा के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाले हुए है।

विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए जताई गई इच्छा के बारे में पूछे जाने पर डॉ संजय गुप्ता ने बताया कि शहर व शहरवासियों के प्रति अपनी सेवाओं का विस्तार करने के लिए वे विधानसभा चुनाव लड़ना और जीतना चाहते है। यू तो वे अब भी अपनी ओएनबीवी फाउंडेशन के माध्यम से समाजसेवा के कई कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों से उनकी फाउंडेशन द्वारा मध्यवर्ती अस्पताल में मरीजों के परिजनों के लिए रोजाना भोजन की व्यवस्था शुरू की गई है जिसका लाभ हजारों लोग उठा चुके है। इसके साथ ही उनके



द्वारा मध्यवर्ती अस्पताल में जन्म लेनी वाली बेटियों के सन्मान में नवजात बच्ची के परिवारजन को 5 हजार रुपए की आर्थिक साहयता आशीर्वाद स्वरुप दी जाती है। अबतक वो 100 से अधिक नवजात बच्चियों के माता-पिता तक यह सेवा पहुंचा चुके है। ऐसी कई सेवाएं उनके द्वारा की जा रही है जिससे उन्हें खूब संतुष्टि मिलती है।

श्री गुप्ता कहते है कि विधानसभा चुनाव लड़ने का कारण यह है कि वे अपने शहर उल्हासनगर से बहुत प्यार करते हैं और इस शहर के लिए तन-मन-धन से कुछ करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उनके पास भगवान का दिया हुआ सब कुछ है। ऐसे में अब उनका मिशन है कि वे अपने शहर के लिए कुछ कर दिखाए। उन्होंने सभी शहरवासियों को अपील की कि वे एक बार उन्हें मौका देकर अवश्य देखिए और वो शहरवासियों का विश्वास कभी टूटने नहीं देंगे। संजय गुप्ता कहते है कि न केवल एक समाज बल्कि हर समाज के लोग उनके पास किसी न किसी मदद के लिए आते हैं जैसे कि बच्चों की स्कूल फीस, अस्पताल बिल में मदद आदि। तो ऐसे में वे किसी से भी उसकी जाती या धर्म पूछ कर उसकी मदद नहीं करते पर मानवता के नाते वे उनके पास आए हर जरूरतमंद को छोटी सी मदद करने का प्रयास करते है। इसी प्रकार वे विधायक बनकर पुरे शहर को कुछ नया देना चाहते है। ज्ञात हो कि हालही में एक निजी मीडिया चैनल द्वारा व्हाट्सएप्प पर लिए गए उल्हासनगर विधानसभा स्ट्रॉ पोल में भी संजय गुप्ता को सर्वाधिक लोगों ने विधायक के रूप में चुने जाने को लेकर वोट किया है। जिससे कि डॉ गुप्ता के समर्थकों में उत्साह बढ़ चुका है।

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## निरंकुश हुई महंगाई

खुदरा महंगाई दर के बाद अब थोक महंगाई के आंकड़े भी आ गए हैं। हालांकि पिछले चार महीनों से थोक महंगाई में लगातार वृद्धि का रुख बना हुआ है, मगर जून महीने में यह सोलह महीनों के उच्च स्तर 3.36 फीसद पर पहुंच गई। अभी इसमें बहुत बदलाव की गुंजाइश नजर नहीं आ रही। बरसात को देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि अगले महीने इसमें कुछ कमी दर्ज होगी। बताया जा रहा है कि जून में तेज लू चलने के कारण सब्जियों के उत्पादन पर असर पड़ा, जिसकी वजह से महंगाई बढ़ी है। जून में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 10.87 दर्ज हुई।

इनमें सबसे अधिक महंगाई सब्जियों में देखी गई। प्याज की कीमतों में 99.35 फीसद, आलू में 66.37 तथा अन्य हरी सब्जियों में 38.35 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई। फलों की कीमतों में 10.14 फीसद, मोटे अनाज में 9.27, गेहूं में 6.25 और दालों की कीमतों में 21.64 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई। स्वाभाविक ही इसका असर विनिर्मित खाद्य वस्तुओं पर भी पड़ा है। यह तब है जब जून में पेट्रोल, डीजल, प्राकृतिक गैस और बिजली की कीमतों में कमी दर्ज हुई।

खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी की मार सबसे अधिक गरीब और सामान्य आय वर्ग के लोगों पर पड़ता है। सब्जियों और दालों की कीमतें बढ़ने से लोगों को अपने भोजन पर अधिक खर्च करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगस्त में जब सब्जियों की नई फसल आनी शुरू होगी, तब महंगाई में कुछ कमी दर्ज होगी। इसी तरह मोटे अनाज और दलहन की नई फसल आने के बाद कुछ राहत मिलेगी। मगर यह तो तय है कि खाद्य वस्तुओं की कीमतें मौसम के मिजाज पर निर्भर करती हैं।

पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह मौसम का रुख कृषि क्षेत्र के लिए अनुकूल नहीं दिखाई दे रहा है, उसमें आने वाले समय में इसे लेकर कितना भरोसा किया जा सकता है। ऐसे में, फिर से यह जरूरत रेखांकित हुई है कि फसलों की सुरक्षा, भंडारण, शीतगृहों की क्षमता बढ़ाने आदि जैसे जरूरी उपायों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। महंगाई पर काबू पाने के लिए केवल रिजर्व बैंक की नीतिगत दरें पर्याप्त उपाय नहीं हैं।

# विलासिता पर खर्च : क्या सादगी के लिए कोई गुंजाइश है?

हाल ही में संपन्न एक बड़े उद्योगपति के बेटे के ब्याह का खुमार अभी उतरा नहीं है। रील्स की दुनिया में हाहाकार है। टीवी चैनलों पर सोहर जारी हैं। कोई वक्त था, जब धन के ऐसे अश्लील प्रदर्शन को समाज न केवल अनैतिक मानता था, बल्कि कई देशों में तो जेल तक हो जाया करती थी। जिनके पास अकूत दौलत हुआ करती थी, वे तब भी उसे विलासिता पर खर्च करने से पीछे नहीं रहते थे, लेकिन सामान्यतया यह सब कोठियों की बंद दीवारों के पीछे हुआ करता था। एक खास तबके के लोगों के बीच। कोशिश होती थी कि बाहर की दुनिया को इसकी ज्यादा भनक न लगे कोई खिड़की, कोई रोशनदान खुला रह गया, तो उसकी झिर्री से मीडिया के छापामार दस्ते कुछ दृश्य चुरा लाया करते थे और उसे बड़ी उपलब्धि मानते थे। मगर, पिछले सालों में वक्त बदला और उसके साथ सामाजिक मूल्य भी।

अब किसी को इस बात की परवाह नहीं होती कि अब भी इस देश के बड़े हिस्से में लड़की का बाप सबसे निरीह प्राणी कहा जाता है। बड़ी मिसालें हैं कि बेटी के लिए दहेज जुटाने में कई लोगों की जिंदगी भर की पूंजी खर्च हो जाती है, फिर भी ससुराल वाले संतुष्ट नहीं होते। इस बात का खतरा बना रहता है कि न जाने कब लाडली की मासूम मुस्कराहटें ससुराल पक्ष की टीवी, फ्रिज और कार जैसे ठंडे लोहे की लालसाओं की भेंट चढ़ जाएं। अब इस बात को लेकर कहीं कोई फिक्र नहीं दिखती कि लकदक शादियों को फटी आंखों से देखने के बाद दूल्हों के कस्बाई मां-बापों की हसरतें किस कदर आसमान छू रही होंगी। ब्याह



में ऐसी न सही, इसके आस-पास की शान-शौकत के निष्ठुर सपने उनकी आंखों में भी कुलबुलाने लगे होंगे। महंगी सजावट, डिजाइनर कपड़े, भारी-भरकम गहने-जेवर और छप्पन प्रकार के व्यंजन, सब वैसा चाहिए होगा, जिसकी चकाचौंध से फिल्मी सितारों, खिलाड़ियों व धर्मगुरुओं से लेकर राजनेताओं तक, सब सम्मोहित हैं।

सामाजिक सरोकारों से कटे हुए, एकांगी और आत्ममुग्ध समाज इसी तरह व्यवहार करते हैं। वहां सादगी के लिए कोई गुंजाइश नहीं होती है। आजकल किसी से इस बात की अपेक्षा रखना कि वह अपने मोहल्ले के प्राथमिक शिक्षक का सम्मान करेगा, किसी कारीगर को उसकी उजरत का पैसा चुकाते हुए विनम्र बना रहेगा या अपेक्षाकृत कमजोर आर्थिक स्थिति वाले अपने संबंधियों को भी घरेलू फोटो फ्रेम में हिस्सा देगा, बेमानी है। जब समाज के भीतर खुद मूल्यों को लेकर कोई आग्रह न हो, तो फिर जिनकी जेब में पैसा है, उनसे किसी नैतिकता और मर्यादा की अपेक्षा क्यों रखी जानी चाहिए? इस पूरे विमर्श का एक सिरा समाज में मूल्यों के ह्रास से जुड़ता है, तो दूसरा क्रोनी कैपिटलिज्म से। कहने की जरूरत नहीं कि हाल के वर्षों में एकाएक बने कई अमीरों की दौलत में पीढ़ी-दर-पीढ़ी व्यापार के विस्तार की कमाई के बजाय नए तरीकों और तंत्र के चोर दरवाजे से घुसकर जुटाई गई समृद्धि का हिस्सा है। इसलिए भी अब समाज को लेकर नैतिक दायित्वों का कोई दबाव नहीं दिखता।

दुनिया में ऐसे तमाम उदाहरण हैं, जहां उद्योगपतियों ने फाउंडेशन बनाए, चैरिटेबल ट्रस्ट खोले या फिर इसी तरह का कोई और उपक्रम करते हुए अपनी दौलत का एक हिस्सा उस समाज को लौटाया, जिससे उन्होंने इसे हासिल किया था। बेशक इस प्रक्रिया में भी तमाम झोल हैं। ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जहां दान के बजाय दिखावा ज्यादा है या फिर दान के नाम पर संपत्ति को उलटफेर कर अपने ही खाते में जोड़ लेने की शातिर कवायद। इस कड़वे सच के बावजूद इस तथ्य से इन्कार नहीं किया जा सकता कि उद्योगपतियों के ट्रस्टों और फाउंडेशनों ने तमाम जरूरतमंदों के जीवन में बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाई है।

मगर इन मिसालों से इतर ब्याह के नाम पर लगातार बढ़ रहे तमाशे, किराये के मेहमान, फिल्मी गानों पर ठुमके और पति-पत्नी के प्रेम के प्रदर्शन के नाम पर हिंदी-अंग्रेजी फिल्मों से चुराए सस्ते संवाद बढ़ते जा रहे हैं। अधनंगी मॉडलों के वार्षिक कलेंडर से लेकर महंगी पार्टियों तक, हवाई जहाज से लेकर यॉट की खरीद तक वैभव का प्रदर्शन करने वाले लोगों की एक श्रृंखला मिलेगी, जो बैंकों को दिवालियापन सौगात में देते हैं।





जीवन में सफलता की कुंजी है प्रभु पर ध्यान केंद्रित रखना।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज


स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# चट्टान के नीचे होटल, बाहर से लग रहा था उजाड़

जरा हट के

एक कहावत है, बाहरी दिखावे के आधार पर कभी कोई फैसला न करें. ऐसा अक्सर किताबों को लेकर कहा जाता है, पर असल जिंदगी में कई पहलुओं को लेकर ये कहावत कारगर साबित होती है. हाल ही में एक महिला ने एक होटल का वीडियो पोस्ट किया जिसमें वो अपने परिवार के साथ घुसती है. इसे देखकर भी आपको यही कहावत याद आ जाएगी. वो इसलिए क्योंकि होटल एक बड़ी चट्टान के नीचे बना है और बाहर से देखने पर उजाड़ लग रहा है. मगर



जैसे ही परिवार उसके अंदर जाता है, अंदर का नजारा देखकर उनकी आंखें चौंधिया जाती हैं और वो हैरत में पड़ जाते हैं. आप भी जब अंदर का नजारा देखेंगे, तो ऐसा ही महसूस करेंगे. इंस्टाग्राम अकाउंट @ahlasami पर हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया गया है जिसमें एक होटल नजर आ रहा है. कमेंट में लोगों ने दावा किया कि ये जगह तुर्की के कैपाडोशिया में है. हालांकि, इसके बारे में जानकारी नहीं दी हुई है कि ये किस जगह पर है. आपने कई ऐसे होटल देखे होंगे, जिनका थीम प्राचीन होता है, जो अंदर से मिट्टी या पत्थर से बने लगते हैं. पर ये होटल तो वाकई ऐसा है, जिसे देखकर आपको लगेगा कि आप पाषाण युग में आ गए हैं. पर जैसे ही आप दरवाजे से अंदर घुसेंगे, आपको समझ आएगा कि ये कोई मामूली होटल नहीं, बल्कि अंदर से पूरा का पूरा महल है. महिला भी अपने परिवार के साथ अंदर घुसती नजर आ रही है. अंदर जाते ही कमरे, सोफे, खूबसूरत बेडरूम, जकूज़ी, और हर सुख-सुविधा नजर आ रही है. साथ ही लाइटिंग इतनी गजब की है कि वो कमरा बेहद आरामदायक लग रहा है. उससे भी ज्यादा हैरानी की बात ये है कि एक के बाद एक कई कमरे साथ मे जुड़े हैं और अंत में जब दरवाजा खुलता है, तो लगता है कि वो बालकनी में निकलेंगे, मगर वो लोग ऐसी जगह पर पहुंच जाते हैं, जहां से शहर की झलक देखने को मिलती है.

# आतंकी हमलों ने बढ़ाई सरकार की चिंता

आतंकवादी अब कश्मीर के साथ-साथ फिर से जम्मू क्षेत्र को अपना ठिकाना बनाने लगे हैं। पिछले करीब डेढ़ दशक के दौरान सुरक्षा बलों के आतंकवाद के खिलाफ विशेष अभियान के बाद जम्मू क्षेत्र अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण रहा। आतंकी खतरे के लिहाज से जम्मू को काफी हद तक सुरक्षित माना जाने लगा था। मगर पिछले दो-तीन माह से इस क्षेत्र में आतंकवादी हमले बढ़ने लगे हैं। डोडा जिले में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन सहित चार जवानों की शहादत इसी का उदाहरण है। इस इलाके में पिछले तीन सप्ताह के भीतर सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ की यह तीसरी बड़ी घटना है। आतंकी अब जम्मू में लक्षित हमलों को भी अंजाम दे रहे हैं। पिछले माह रियासी जिले में एक बस पर आतंकी हमले में नौ तीर्थयात्रियों के मारे जाने की घटना इनमें से एक है।

जम्मू क्षेत्र में बढ़ती आतंकी घटनाएं सुरक्षा बलों और शासन-प्रशासन के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इस आतंकी सक्रियता के पीछे सीमा पार बैठे आतंकी सरगनाओं की सोची-समझी चाल है। वे किसी भी सूरत में जम्मू-कश्मीर में स्थायी तौर पर अमन-चैन बहाल नहीं होने देना चाहते। डोडा जिले में मुठभेड़ की यह ताजा घटना कठुआ जिले के दूरस्थ माचेड़ी वन क्षेत्र में सेना के गश्ती दल पर आतंकी हमले के कुछ ही दिन बाद हुई है, जिसमें पांच सैनिक शहीद हो गए थे। गौरतलब है कि हाल में ज्यादातर मुठभेड़ की घटनाएं सुरक्षा बलों के तलाशी अभियान के दौरान हुई



हैं। यानी सुरक्षा बलों को क्षेत्र में आतंकियों के छिपे होने की सूचना तो मिल जाती है, लेकिन वे किस तरह के हथियारों से लैस हैं और उनकी रणनीति क्या है, इसकी स्टीक जानकारी नहीं मिल पाती है।

खुफिया जानकारियों में यह बात सामने आई है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी खुद को सुरक्षा एजेंसियों की नजर से बचाने के लिए अब 'संरक्षण और समेकन' की रणनीति अपना रहे हैं। यानी आतंकवादी सीमा पार से घुसपैठ करने के बाद शुरुआत में चुप रहते हैं और स्थानीय आबादी के साथ घुलमिल जाते हैं। जैसे ही उन्हें सीमा पार से निर्देश मिलता है, वे हमले को अंजाम देने में जुट जाते हैं। उत्तरी कश्मीर और जम्मू क्षेत्र में हाल में आतंकियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले इसका ताजा उदाहरण हैं। आम लोगों के बीच छिपे हुए आतंकवाद के इस खतरे से निपटने के लिए सुरक्षा बलों को जल्द ठोस और कारगर रणनीति बनानी होगी। तकनीकी खुफिया जानकारी के साथ-साथ जमीनी स्तर पर 'मानव खुफिया' नेटवर्क भी मजबूत करने की जरूरत है।

खुफिया जानकारियों में यह बात भी सामने आई है कि आतंकवादी सीमा पार से संपर्क के लिए 'अल्ट्रा सेट' फोन जैसे एनक्रिप्टेड संचार उपकरणों का उपयोग करने लगे हैं, जिससे उनके ठिकाने और रणनीति की सटीक जानकारी हासिल कर पाना मुश्किल हो जाता है। इस तरह की तकनीकी चुनौती से पार पाने के लिए भी सुरक्षा एजेंसियों को गंभीरता से विचार करना होगा। वहीं, जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक का कहना है कि आतंकवादी पंजाब से लगती पाकिस्तान की सीमा से भी घुसपैठ कर जम्मू पहुंच रहे हैं। इसलिए इस इलाके में फिर से आतंकी वारदात बढ़ने लगी हैं। अगर ऐसा है तो सुरक्षा बलों के साथ-साथ पंजाब और जम्मू-कश्मीर प्रशासन को सीमा पर घुसपैठ रोकने के लिए साझा रणनीति बनाने की जरूरत है, ताकि आतंकियों के तंत्र को नेस्तनाबूद किया जा सके।




# करेले का अचार

वैसे तो करेले खाने में बहुत कड़वे होते हैं. लेकिन इसका अचार खाने को स्वादिष्ट बना देता है. अगर करेले के अचार को डायबिटीज पेशेंट खाते हैं, तो इससे उनका शुगर लेवल बराबर रहता है. आइए जानते हैं करेले के अचार को बनाने की विधि.

### सामग्री :

करेले का अचार बनाने के लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत लगेगी जैसे, 1 किलो करेले (छोटे टुकड़े में कटे हुए), दो कप सरसों का तेल, एक कप मेथी दाना, एक कप राई, एक कप कलौंजी, एक बड़ा चम्मच जीरा, धनिया, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, चुटकी भर हींग, नमक स्वाद अनुसार, एक कप नींबू का रस, दो से तीन हरी मिर्च बारीक कटी हुई, इन सभी सामग्री का इस्तेमाल कर आप अचार बना सकते हैं.



### करेले का अचार बनाने का तरीका :

करेले के अचार को बनाने के लिए सबसे पहले आपको मसाला तैयार करना होगा. इसके लिए आप एक कढ़ाई में सरसों का तेल गर्म करें, उसमें मेथी दाना, राई, कलौंजी, सौंफ, जीरा और धनिया डालकर हल्का सुनहरा कर ले. अब भुने हुए मसाले को ठंडा कर मिक्सर में पीस लें. अब अचार का मिश्रण तैयार करें, इसके लिए आपको एक बड़े कटोरे में कटे हुए करेले लेना है, इसमें नमक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, हींग, नींबू का रस और मिक्सर में पिसे हुए सभी मसाले डालकर अच्छी तरह मिलना होगा. जब यह सारी चीज मिक्स हो जाए, तब इसे एक साफ कांच की बरनी में भरकर स्टोर कर सकते हैं. आप कांच के जार को 2 से 3 दिन तक धूप में रख सकते हैं. अब आपका करेले का अचार तैयार हो गया है. अगर आप खट्टा मीठा खाना चाहते हैं, तो इसमें थोड़ी मात्रा गुड़ की मिला सकते हैं.

## आज का राशिफल




**मेष** : जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में सुकून रहेगा। निवेश लाभप्रद रहेगा। कार्य बनेंगे। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है।



**वृषभ** : पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक-ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी। चोट व रोग से बाधा संभव है। दूसरों के काम में दखलंदाजी न करें। स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है। प्रतिद्वंद्विता रहेगी।



**मिथुन** : मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।



**कर्क** : जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी न करें। घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दुःखद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी। व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी। मतभेद हो सकते हैं।



**सिंह** : मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। अपना प्रभाव बढ़ा पाएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्य की समस्याएं दूर होंगी।



**कन्या** : घर-बाहर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। वस्तुएं संभालकर रखें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें। चोट व दुर्घटना से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।




**तुला** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। जुए, सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। निवेश शुभ रहेगा। प्रमाद न करें। उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा।



**वृश्चिक** : आय में निश्चितता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। थकान महसूस होगी। अपेक्षित कार्यों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे।



**धनु** : व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। धनार्जन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।



**मकर** : प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा। आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। घर-बाहर सहयोग व प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी।



**कुंभ** : लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। मातहतों का सहयोग मिलेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। दूसरे के काम में दखल न दें। पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। आत्मशांति रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे।



**मीन** : व्यवसाय ठीक चलेगा। मित्र व संबंधी सहायता करेंगे। आय बनी रहेगी। जोखिम न लें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। गलती से समस्या बढ़ सकती है।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# घर में जरूर लगाएं ये पांच पौधे

## सुंदर दिखने के साथ तनाव कम करने का भी करेंगे काम

आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में स्ट्रेस लेवल का बढ़ना बड़ी आम बात हो गई है। कॉम्पिटिशन का दौर ही ऐसा है कि लगभग हर इंसान को कुछ ना कुछ मानसिक तनाव रहता ही है। लोग अपने स्ट्रेस को दूर करने के लिए तरह-तरह के उपाय करते हैं। योग और मेडिटेशन के जरिए स्ट्रेस से रिलीफ पाने की कोशिश करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ ऐसे पौधे भी हैं जो स्ट्रेस को दूर भगाने का काम करते हैं। जी हां कुछ ऐसे पौधे मौजूद हैं जो वातावरण के साथ-साथ हमारी मेंटल हेल्थ के लिए भी काफी फायदेमंद हैं। आप इन पौधों को अपने घर पर और ऑफिस एरिया में भी लगा सकते हैं। इससे ना सिर्फ आपका घर देखने में सुंदर लगेगा बल्कि एक पॉजिटिविटी भी बनी रहेगी। तो चलिए जानते हैं उनके बारे में।



### लैवेंडर प्लांट

लैवेंडर की खुशबू दिमाग की उत्तेजना को शांत करती है। इसकी खुशबू दिमाग को सुकून देती है जिससे स्ट्रेस लेवल ऑटोमेटिकली कम हो जाता है। लैवेंडर की खुशबू सुकून भरी नींद लाने में भी काफी हेल्पफुल है। घर की बालकनी या लॉन में लगा हुआ लैवेंडर का पौधा आपके स्ट्रेस लेवल को काफी हद तक काम कर सकता है।

### लेमनग्रास

लेमनग्रास का पौधा कई औषधीय गुणों से भरा हुआ है। इसे अपने घर में जरूर लगाना चाहिए। यूं तो लेमनग्रास का इस्तेमाल कई तरीकों से किया जा सकता है लेकिन स्ट्रेस लेवल को कम करने में यह सबसे अधिक लाभकारी है। इसकी खुशबू को सूंघने से ही दिमाग को काफी शांति और पॉजिटिविटी मिलती है जिससे मानसिक तनाव खत्म होता है।

### मोगरे का फूल

मोगरे के फूल का पौधा आसानी से मिल जाता है और इसे अपनी बालकनी या लॉन में आसानी से लगाया जा सकता है। गर्मी के मौसम में इस पौधे से खूबसूरत फूल निकलते हैं। मोगरे के फूलों की खुशबू मन को ठंडक का अहसास देती है जिससे दिमाग को सुकून मिलता है और स्ट्रेस लेवल कम होता है।

### पारिजात का पौधा

आम भाषा में पारिजात के फूल को हरसिंगार के नाम से भी जाना जाता है। ये फूल रात में खिलते हैं और सुबह अपने आप पेड़ों से झड़ जाते हैं। धार्मिक दृष्टिकोण से भी इस फूल को बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। ऐसी मान्यता है कि जिस घर में पारिजात के वृक्ष होते हैं वहां पर सुख और समृद्धि हमेशा बनी रहती है। इसके साथ ही आयुर्वेद ने भी पारिजात के फूल के महत्व को स्वीकार किया है। पारिजात के फूल में कई औषधीय गुण होते हैं जो स्ट्रेस लेवल को कम करते हैं।

### हेम्प प्लांट

आम भाषा में हेम्प प्लांट को गांजे के नाम से जाना जाता है। इसके प्लांट की खुशबू में फाइटोकेनाबिनोइड पाया जाता है जो सीधे न्यूरो सिस्टम पर असर डालता है। ये कार्टीसोल हार्मोन को कम करके स्ट्रेस लेवल को घटाता है। इस प्लांट की खुशबू से अनिद्रा की शिकायत भी दूर होती है और दिमाग शांत रहता है।

# एग्जॉस्ट फैन के जिद्दी चिपचिपे दाग हटाइए?

## ट्राई करें ये तरीके, मिलेगी नई जैसी चमक



आज हम आपके लिए कुछ ऐसे ही देसी नुस्खे लाये हैं, जिनकी मदद से आप आसानी से अपने एग्जॉस्ट फैन को चमका सकते हैं. इन नुस्खों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री आसानी से आपको घर में ही उपलब्ध होती है, और ये पर्यावरण के लिए भी हानिकारक नहीं है. तो देर किस बात की, आइए जानते हैं इन देसी नुस्खों के बारे में और अपने एग्जॉस्ट फैन को दें एकदम नई जैसी चमक.

### सामग्री

- सोडियम बाइकार्बोनेट (बेकिंग सोडा) – 2 बड़े चम्मच
- गर्म पानी – 1 कप
- लिक्विड डिटर्जेंट – 1 बड़ा चम्मच
- स्पंज या कपड़ा

### विधि

सबसे पहले, एग्जॉस्ट फैन को बंद कर दें और बिजली का प्लग भी निकाल लें. अब एक बर्तन में गर्म पानी लें और उसमें सोडियम बाइकार्बोनेट और लिक्विड डिटर्जेंट मिलाएं. इस घोल में स्पंज या कपड़े को भिगोकर अच्छी तरह से निचोड़ लें. फिर गीले स्पंज या कपड़े से एग्जॉस्ट फैन के ब्लेड और फिल्टर को अच्छी तरह से पोंछ लें. अब चिपचिपे दागों पर थोड़ा सा घोल डालकर कुछ देर के लिए छोड़ दें. कुछ देर बाद, स्पंज या कपड़े से दागों को रगड़कर साफ कर लें. अंत में, एग्जॉस्ट फैन को साफ पानी से धोकर सूखे कपड़े से पोंछ लें.

### जरूरी टिप्स

1. अगर चिपचिपा दाग बहुत ज्यादा है, तो आप घोल में थोड़ा सा सिरका भी मिला सकते हैं.
2. एग्जॉस्ट फैन को नियमित रूप से साफ करें ताकि चिपचिपे दाग जमने न पाएं.
3. एग्जॉस्ट फैन को साफ करते समय हमेशा सावधानी बरतें और बिजली का प्लग निकालकर रखें.
4. इस देसी नुस्खे की मदद से आप आसानी से एग्जॉस्ट फैन से चिपचिपे दाग हटा सकते हैं और इसे नया जैसा चमकदार बना सकते हैं.

# संजीवनी बूटी से कम नहीं चमेली का फूल



चमेली का फूल बगीचे और घर में खुशबू फैलाने के लिए जाना जाता है. चमेली के फूल जितना खूबसूरत होता है, उतना ही सुगंधित भी होता है. इसके फूलों से इत्र और तेल भी बनाया जाता है. लेकिन क्या आप को पता है कि चमेली एक जड़ी-बूटी भी है और चमेली के पौधे में कई सारे औषधीय गुण भी हैं. पूर्व आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. आशुतोष पंत ने बताया कि इसकी खुशबू दिमाग को शक्तिशाली बनाती है और मानसिक तनाव को कम करती है. इन फूलों का इस्तेमाल कई आयुर्वेदिक दवाइयों को तैयार करने के लिए भी किया जाता है. साथ ही इससे कई तरह की चीजें जैसे- तेल, परफ्यूम, साबुन, फेसपैक इत्यादि भी बनाए जाते हैं.

### अनिद्रा को दूर करता है फूल

चमेली का विभिन्न तरीकों से इस्तेमाल करके मानसिक तनाव को कम किया जा सकता है. यह तनावग्रस्त तंत्रिका तंत्र को शांत कर मन को शांत करता है. इसमें कुछ ऐसे केमिकल मौजूद होते हैं, जो तंत्रिका तंत्र को आराम देते हैं. इसके इस्तेमाल से अनिद्रा दूर होती है और अच्छी नींद आती है.

### चोट व घाव को ठीक करने में है कारगर

चमेली के तेल का इस्तेमाल एंटीसेप्टिक के तौर पर भी किया जाता है. किसी तरह की चोट या घाव हो जाए तो रूई को चमेली के तेल में डुबोकर चोट पर लगाएं. इससे दर्द कम होने के साथ घाव भी तेजी से भरता है.

### मुंह में छालों की समस्या होती है दूर

मुंह में छाले होने पर इसकी पत्तियों को धोकर धीरे-धीरे चबाएं. इससे आपके मुंह में हो रहे छाले जल्द सही हो जाएंगे. चमेली के पत्तियों से निकलने वाला रस छालों को खत्म करता है.

### पाचन को रखे स्वस्थ

पाचन संबंधी परेशानियों को दूर करने के लिए भी चमेली का इस्तेमाल किया जा सकता है. चमेली में एंटी-ऑक्सीडेंट भरपूर रूप से मौजूद होता है, जो शरीर के लिए बेहद जरूरी है. एंटी- ऑक्सीडेंट की मदद से आंत की क्रिया को बेहतर किया जा सकता है. साथ ही यह गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एंजाइमों के लिए अच्छा माना जाता है.

### डिप्रेशन और चिंता को करे दूर

चमेली का इस्तेमाल करने से डिप्रेशन और चिंता को दूर किया जा सकता है. इससे आने वाली खुशबू आपके मूड को बेहतर करती है. अरोमाथेरेपी में इसके तेल का इस्तेमाल कर ब्लड सर्कुलेशन, सांस लेने में परेशानी, ब्लड प्रेशर को दूर किया जा सकता है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## संक्षेप...

### 54 लाख के सामान के साथ तीन बच्चे गिरफ्तार

**पनवेल.** नवी मुंबई पुलिस के आपराधिक जांच विभाग ने दो दिन पहले खारघर में एक मोबाइल दुकान से चोरी के मामले में कानूनी संघर्ष के तीन बच्चों को हिरासत में लिया है और उनके पास से 54 लाख रुपये का सामान जब्त किया है. सेक्टर 34 स्थित दलाराम चौधरी की धनलक्ष्मी मोबाइल शॉप में सोमवार सुबह चोरी हो गई। दुकान के मालिक ने खारघर पुलिस स्टेशन में शिकायत की थी कि चोरों ने मोबाइल दुकान से करीब 50 हजार रुपये का सामान चुरा लिया है. तीन युवक चेहरे पर कपड़ा बांधकर दुकान में घुसे और चौधरी द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। नवी मुंबई अपराध जांच विभाग के सहायक पुलिस आयुक्त, अजय कुमार लांडगे ने घटनास्थल का दौरा किया और अपराध जांच विभाग के केंद्रीय सेल में पुलिस को उस रास्ते के सभी सीसीटीवी की जांच करने का निर्देश दिया, जहां से चोर वारदात को अंजाम देने आए थे।

# 12वीं पास को 6 हजार रुपए ग्रेजुएट को मिलेंगे 10 हजार

## महाराष्ट्र सरकार का बड़ा ऐलान, अब 'लाडला भाई योजना'



**मुंबई.** महाराष्ट्र सरकार ने 'लाडला भाई योजना' का ऐलान किया है। इस स्कीम के तहत राज्य के 12वीं पास युवाओं को हर महीने 6 हजार रुपये मिलेंगे। इसके अलावा डिप्लोमाधारी छात्रों को महीने के 8 हजार रुपये दिए जाएंगे। ग्रैजुएट्स को महीने के 10 हजार रुपये दिए जाएंगे। अक्टूबर महीने में महाराष्ट्र में चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में सरकार की ओर से यह बड़ा ऐलान किया गया है। पिछले महीने ही पेश किए गए बजट में महाराष्ट्र सरकार ने लड़की बहिन योजना की शुरुआत की थी। इसके बाद से ही मांग की जा रही थी कि लड़कों के लिए भी कोई स्कीम शुरू की जाए। माना जा रहा है कि इन मांगों को ध्यान रखते हुए ही सरकार ने ऐसा फैसला लिया है।

यह स्कीम राज्य में लगभग हर परिवार को प्रभावित करेगी और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को इससे बड़े फायदे की उम्मीद है। एकनाथ शिंदे ने पंढरपुर में आषाढ़ी एकादशी के मौके पर इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा, 'जब हमने लड़की बहिन योजना शुरू की तो कुछ लोगों ने हमारी आलोचना की। उन्होंने कहा कि प्यारी बहन के लिए योजनाएं लाए हैं। अब प्यारे भाइयों का क्या? मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि हम भी प्यारे भाइयों की देखभाल कर रहे हैं।'

### स्कीम का ऐलान कर क्या बोले एकनाथ शिंदे

एकनाथ शिंदे ने कहा कि हम उनके लिए एक योजना लेकर आए हैं। 12वीं पास करने वाले युवाओं को 6 हजार रुपये प्रति माह, डिप्लोमा करने वाले युवाओं को 8 हजार रुपये और ग्रेजुएट युवाओं को 10 हजार रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। युवक एक साल तक किसी फैक्ट्री में अप्रेंटिसशिप करेगा, जिसके बाद उसे वहां काम का अनुभव मिलेगा और उस अनुभव के बल पर उसे नौकरी भी मिल जाएगी। एक प्रकार से हम कुशल जनशक्ति तैयार कर रहे हैं। हम प्रदेश के साथ देश के उद्योग जगत को कुशल युवा देने जा रहे हैं। सरकार हमारे युवाओं को उनकी नौकरियों में कुशल बनाने के लिए भुगतान करने जा रही है।

### ड्रग तस्करी के मामले में वाशी से एक गिरफ्तार

**मुंबई.** नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड (एनसीबी) आखिरकार वाशी से सुफियान खान को गिरफ्तार करने में सफल रही, जो नागपाड़ा इलाके से 31 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडी) की जब्ती के मामले में एक महीने से तलाश कर रहा था। इस मामले में जब्त एमडी की कीमत 60 करोड़ रुपये है और इस मामले में 26 जून को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था. उस वक्त आरोपियों के पास से 69 लाख रुपये कैश बरामद हुआ था.

एनसीबी को जानकारी मिली कि नागपाड़ा, डोंगरी स्थित मुशर्रफ जेके एमडी को बेच रहा है। इस मामले में 26 जून को एनसीबी के अधिकारियों ने निगरानी रखी. अधिकारियों को जानकारी मिली कि मुशर्रफ बड़ी संख्या में एमडी लाएंगे. तदनुसार, एक जाल बिछाया गया और उसे हिरासत में लिया गया। इस बार उसके पास से 10 किलो एमडी जब्त की गई. जांच के दौरान एनसीबी को एमडी के और स्टॉक की जानकारी मिली. इसके मुताबिक नौशीन नाम की महिला को हिरासत में लिया गया. उस वक्त उनके घर की तलाशी के दौरान 15 किलो मेफेड्रोन और 69 लाख 13 हजार रुपये की नकदी जब्त की गई थी.

# 5% की छूट के लिए 31 जुलाई तक भरें टैक्स



**भिवंडी.** भिवंडी मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य ने शहरवासियों से आह्वान किया है कि, बकायेदारों की सुविधा की खातिर मनपा ने टैक्स भुगतान पर छूट प्रदान की है.बकायेदार 31जुलाई तक मनपा बकाया टैक्स का भुगतान कर 5% की छूट प्राप्त कर मनपा का सहयोग करें.

गौरतलब हो कि, भिवंडी मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य ने टैक्स बकायेदारों की सुविधा के लिए 5% छूट की घोषणा की है.प्रशासक वैद्य की घोषणा के अनुसार 31 जुलाई तक टैक्स भुगतान करने वाले सभी बकायदाओं को टैक्स की समूची राशि में 5% की रियायत प्रदान की जाएगी. प्रशासक,आयुक्त अजय वैद्य ने शहरवासियों से टैक्स अदायगी में छूट सुविधा प्राप्त करने के लिए 31जुलाई तक क्षेत्रीय मनपा प्रभाग समिति कार्यालय सहित मनपा मुख्यालय स्थित टैक्स विभाग में बकाया टैक्स भुगतान कर बचत सुविधा का लाभ उठाने का आह्वान किया है.

मनपा प्रशासक अजय वैद्य ने शहरवासियों से बकाया टैक्स भुगतान की अपील करते हुए कहा कि,मनपा के पास आय का अन्य कोई जरिया नहीं है. सरकारी अनुदान के दम पर मनपा प्रशासन जैसे तैसे नियोजन कर जनहित कार्यों को अंजाम देता है.शहर के नागरिकों को जिम्मेदारी से समय से टैक्स भुगतान करना चाहिए.मनपा तिजोरी खाली होने से नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने सहित विकास कार्यों को अंजाम देने में भारी कठिनाई झेलनी पड़ रही है.शहर के नागरिकों पर करीब 500 करोड़ रुपए से अधिक टैक्स बकाया है. शहरवासियों को बकाया टैक्स भुगतान कर शहर विकास कार्यों में मनपा का सहयोग करना चाहिए.

# आज शहीद-ए-आजम कान्फ्रेंस अंबरनाथ में

- मौलाना कौसर रब्बानी साहेब खिताब फरमाएंगे

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में आज गुरुवार को रजा जामा मस्जिद विमको नाका में शहीद-ए-आजम कान्फ्रेंस रात 9 बजे के बाद होगी. आल इंडिया काजी बोर्ड के अध्यक्ष खतीब यूरोप व एशिया हजरत मौलाना सय्यद बरकात अहमद कौसर रब्बानी साहेब एमए एलएलबी की अध्यक्षता में ये कान्फ्रेंस होगी. गत चार दिनों से मौलाना रब्बानी रजा जामा मस्जिद में अपना वाज़ फरमा रहे हैं. हजरत ऑल इंजिया सुन्नी जमीयुतल उलेमा के सरपरस्त भी हैं. रजा जामा मस्जिद के पदाधिकारियों ने इस कान्फ्रेंस में शामिल होने की अपील की है. हजरत इमाम हुसैन अलै सलाम की सीरत और करबला में इमाम और उनके 72 साथियों की शहादत के बारे में वाज़ फरमाएंगे. विदित हो कि हज़रत मौलाना सय्यद कौसर रब्बानी के कई राज्यों में लाखों मुरीद हैं.

### मीरा-भायंदर मनपा के डिप्टी कमिश्नर से मांगी गई 5 लाख की रंगदारी

**भायंदर.** मीरा-भायंदर नगर निगम के उपायुक्त रवि पवार और उनके सहयोगियों ने एक नकली अश्लील तस्वीर बनाई थी और इसे प्रकाशित करने के डर से एक व्यक्ति द्वारा 5 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की थी. इस संबंध में भायंदर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है. मीरा भयंदर मनपा का अतिक्रमण विभाग उपायुक्त रवि पवार संभाल रहे हैं। कई शिकायतकर्ता पवार से संपर्क कर रहे हैं क्योंकि प्रशासन पिछले कुछ दिनों से शहर में अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई पर जोर दे रहा है.

# पूर्व नगरसेवक सहित 3 के खिलाफ मामला दर्ज

उल्हास विकास संवाददाता




**भिवंडी.** पूर्व केंद्रीय पंचायती राज मंत्री कपिल पाटिल के भतीजे मनपा पूर्व नगरसेवक सुमित पाटील सहित 3 लोगों के खिलाफ शहर पुलिस स्टेशन में भूखंड पर बोगस कागजात द्वारा जबरन कब्जा किए जाने का मामला शिकायत के उपरांत शहर पुलिस स्टेशन ने दाखिल किया है. उक्त मामले की चर्चा समूचे शहर में फैली है.

गौरतलब हो कि, धामनकर नाका पर मुंबई निवासी अक्षय राजेंद्र जैन की मालिकाना जमीन सर्वे क्रमांक 226,14/1,14/2 है. मुंबई निवासी अक्षय जैन द्वारा शहर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है कि, मनपा पूर्व नगरसेवक सुमित पुरुषोत्तम पाटील, सुरेंद्र काशीनाथ पाटिल, देवेंद्र काशीनाथ पाटिल आदि ने मिलकर बोगस कागजात के माध्यम से कब्जा कर लिया है. भूखंड मालिक जैन ने पुलिस में शिकायत की है कि, मनपा पूर्व नगरसेवक सुमित पाटील सहित 3 लोगों ने मिलकर भूखंड पर फर्जी कागजात के माध्यम से रसोई रेस्टोरेंट खोलने के लिए आवश्यक सरकारी कागजात जीएसटी परवाना, फूड लाइसेंस, आरोग्य दाखिला, फायर परवाना, पुलिस लाइसेंस, गुमाश्ता लेकर लाइसेंस,शाप लाइसेंस निकालकर रसोई रेस्टोरेंट खोला है.भूखंड मालिक अक्षय राजेंद्र जैन की शिकायत पर पुलिस ने भा.दंड वि.कलम 420,465,467,34 के तहत आपराधिक मामला दाखिल किया है.मामले की तहकीकात वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महादेव कुंभार कर रहे हैं.

पूर्व नगरसेवक सुमित पाटील ने पुलिस में दाखिल मामले को अपने खिलाफ राजनैतिक साजिश करार दिया है.उन्होंने कहा कि जांच के बाद सच्चाई का खुलासा होगा.

# दिंडी यात्रा में उमड़ी भीड़,विट्ठलमय हुआ कल्याण





**कल्याण.** आषाढी एकादसी के अवसर पर सेंचुरी रेयान, शहाड, बी.के. बिडला महाविद्यालय, बी.के. बिड़ला रात्रिकालीन महाविद्यालय, बी.के. बिड़ला पब्लिक स्कूल और सेंचुरी रेयान हाई स्कूल द्वारा ज्ञान दिंडी का भव्य आयोजन किया गया. हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रकृति संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता के साथ-साथ श्री विठोवा – रुक्मिणी जी की भक्ति के सन्देश पर आधारित यह दिंडी यात्रा बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण के प्रांगण से प्रारंभ होकर शहाड स्थित विट्ठल मंदिर में संपन्न हुई. इस यात्रा में भगवान विट्ठल के भक्तों की व्यापक उपस्थिति, ढोल – नगाड़े, वारकरी पथिक, भजन मंडली, ट्रकों पर सजी झाँकियाँ, भक्ति धुनों पर झूमते भक्त, प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता के नारे लगाते बच्चे आदि से सम्पूर्ण वातावरण विट्ठलमय हो उठा. सम्माननीय अतिथि के रूप में एस. डी ओ श्री विश्वास गुजर एवं श्रीमती गुजर, श्री प्रमोद हिन्दूराव, क्षेत्रीय विधायक श्री कुमार आयलानी, शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. आर. बी. सिंह, महाविद्यालय की प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष श्री सुबोध दवे, शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश चन्द्र, प्राचार्य डॉ. अविनाश पाटील, उपप्राचार्य डॉ. हरीश दुबे, रात्रिकालीन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बिपिनचन्द्र वाडेकर और सेंचुरी रेयोन के यूनिट हेड श्री दिग्विजय पाण्डेय सहित रवि पाटील, सुनील वायले, अर्जुन म्हात्रे आदि गणमान्य उपस्थित थे. अतिथियों द्वारा भगवान विट्ठल के पालकी की पूजा - अर्चना के साथ यात्रा का प्रारंभ हुआ।

इस यात्रा में रथ पर विराजमान विट्ठल और रुक्मिणी के साथ सजी हुई पालकी, ढोल पथक , अनेक शिक्षण संस्थानों के लेज़िम पथक, और योग पथक आदि की झाँकियाँ लोगों को विशेष आकर्षित कर रही थीं. इस यात्रा में आस-पास के शिक्षण संस्थानों एवं समाजसेवी संस्थाओं के अतिरिक्त स्थानीय हजारों वारकरी भक्तों की भी सहभागिता रही.

ज्ञातव्य हो कि शहाड स्थित श्री बिठोवा मंदिर में इस यह दिंडी यात्रा सेंचुरी रियोंन के सी. ई. ओ. श्री ओ.आर. चितलांगे के मार्गदर्शन में वर्ष 2016 से आयोजित की जा रही है. यात्रा का समापन शहाड स्थित विट्ठल मंदिर में भगवान विट्ठल की आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ. यह आयोजन प्रो. महेंद्र खांडपेकर, डॉ संजय जायभय , डॉ महादेव यादव, डॉ मनिंदर कौर आदि प्राध्यापकों और एन सी सी , एन एस एस आदि छात्रों के अथक प्रयास से सम्भव हुआ.

### विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर युवाओं को चयन पत्र का वितरण



उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर कौशल रोजगार उद्योग व नवीन विभाग के तहत सीखने वाले युवाओं को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने सम्मानित किया।इसके अलावा जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. रुपाली सातपुते के हाथों से प्रमाण पत्र दिया गया।कुशल कार्य,रोजगार, उद्योग करना चाहिए।युवाओं को कुशलता के कार्य क्षेत्र में तातपर्य व प्रयत्नशील होना आवश्यक है।यह मार्गदर्शन जिला अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. रुपाली सातपुते ने दी।रोजगार प्रशिक्षण लेने वाले युवक स्वयं के रोजगार के लिए भूमिका निभा रहे हैं।कंपनी व स्वयं के रोजगार के लिए आयटीआय से सुविधा उपलब्ध कराया जाता है।यह जानकारी आयआईटी प्राचार्य स्मिता माने ने दी।इस अवसर पर सहायक प्रशिक्षणार्थी विजय टिकोले, गंगाराम कर्पे, गटनिदेशक तृषांत मोटगरे, कनिष्ठ प्रशिक्षणार्थी राजेश सोनवणे, निदेशक शर्वरी दुर्गुले आदि उपस्थित थे।

## PUBLIC NOTICE

Notice is Hereby Given to the Public at Large that my client **Shri. Newandram Aildas Karira** (Ph : 9324433900) is having right, title and interest in the property known as "R S Decors", Shop No. 1016 (Half Portion), area admeasuring 111 sq. yards, (out of C.D. 222 sq. yards) bearing U. No. 07, Sheet No. 48, constructed on Portion of Plot No. 09 and 14, Section 6- A, Furniture Bazar, Ulhasnagar – 421003, assessed under Ward No. 28, Property No. 28DI004943900 (Part) and is within the limits of U.M.C. As such the Original Documents pertaining to the said property are laying with my client and my client has also filed one Civil Suit before The Hon'ble Court of Civil Judge S. D. At Kalyan. As such if any person enters into any type of deal, agreement or transactions with **Shri. Hasso Dhirumal Karnani, Shri. Vicky Dhirumal Karnani and/or Shri. Dhirumal P. Karnani** and/or with any other persons except my abovenamed client, he shall do so the same entirely at his own risk and cost and my client shall not be bound by the same.

Sd/-
**Vijay Watwani**
Advocate
Block No. A 273, Near Hotel Centre Park,
Sambhaji Chowk, Ulhasnagar,
Thane – 421004. Mob. 9561414140

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)

25Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
उल्हास वि NEWS
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

# गोविंदा को उनका अंधविश्वास ले डूबा



- पहलाज निहलानी ने बताया बर्बादी का कारण

प्रोड्यूसर और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) के पूर्व अध्यक्ष पहलाज निहलानी हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान गोविंदा के करियर के डाउनफॉल के बारे में बात की। इंडस्ट्री के नंबर हीरो रहे गोविंदा के साथ प्रोड्यूसर ने इल्जाम, शोला और शबनम, आंखे जैसी कई हिट फिल्में प्रोड्यूस की है। पहलाज निहलानी ने बताया कि गोविंदा का अंधविश्वास उनके करियर के बर्बाद होने का कारण रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि गोविंदा को कभी भी डायरेक्टर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतार' ऑफर नहीं हुई थी।

पहलाज निहलानी ने 'फ्राइडे टॉकीज' को दिए इंटरव्यू में बताया कि गोविंदा का करियर कैसे बर्बाद हो गया? उन्होंने कहा- गोविंदा धीरे-धीरे अंधविश्वासी होते गए थे। अपने अंधविश्वासों के कारण लोगों को अपने कपड़े बदलने का निर्देश देते थे। उनको लगता था कि सेट पर झूमर गिरने वाला है और लोगों को दूसरी तरफ हटने के लिए कहते थे। कुछ खास दिनों में शूटिंग करने से मना कर देते थे। हमेशा शूटिंग पर देर से आते थे। लेट लतीफी और अंधविश्वास उनके डाउनफॉल का कारण बना।

गोविंदा कई बार अपने इंटरव्यू में इस बात का दावा कर चुके हैं कि उन्हें डायरेक्टर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतार' ऑफर हुई थी। लेकिन उन्होंने ठुकरा दिया था। पहलाज निहलानी ने गोविंदा के इस झूठ से भी पर्दा उठाया है। उन्होंने कहा- मैंने गोविंदा के साथ 'अवतार' नाम से फिल्म शुरू की थी। लेकिन फिल्म पूरी नहीं हो पाई और वह डिब्बाबंद हो गई।




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099